Toppersnotes®
Unleash the topper in you

# राजस्थान

## उच्च न्यायालय (चतुर्थ श्रेणी)

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

25 - मॉडल पेपर

SIERRA INNOVATIONS

# विषयसूची


| क्र.सं. | पेपर | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 1 | 1 |
| 2. | मॉडल पेपर - 2 | 7 |
| 3. | मॉडल पेपर - 3 | 13 |
| 4. | मॉडल पेपर - 4 | 19 |
| 5. | मॉडल पेपर - 5 | 25 |
| 6. | मॉडल पेपर - 6 | 31 |
| 7. | मॉडल पेपर - 7 | 37 |
| 8. | मॉडल पेपर - 8 | 43 |
| 9. | मॉडल पेपर - 9 | 49 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 55 |
| 11. | मॉडल पेपर - 11 | 61 |
| 12. | मॉडल पेपर - 12 | 67 |
| 13. | मॉडल पेपर - 13 | 74 |
| 14. | मॉडल पेपर - 14 | 80 |
| 15. | मॉडल पेपर - 15 | 86 |
| 16. | मॉडल पेपर - 16 | 92 |
| 17. | मॉडल पेपर - 17 | 98 |
| 18. | मॉडल पेपर - 18 | 105 |
| 19. | मॉडल पेपर - 19 | 111 |
| 20. | मॉडल पेपर - 20 | 118 |
| 21. | मॉडल पेपर - 21 | 124 |
| 22. | मॉडल पेपर - 22 | 130 |
| 23. | मॉडल पेपर - 23 | 136 |
| 24. | मॉडल पेपर - 24 | 143 |
| 25. | मॉडल पेपर - 25 | 150 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 156 |

# 1 मॉडल पेपर

## राजस्थान उच्च न्यायालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

**प्रश्नों की संख्या : 85** **समय : 2 घंटे**

**1. सर्वनाम से निर्मित भाववाचक संज्ञा कौन-सी है?**
(A) कायरता (B) ईर्ष्या
(C) अहंकार (D) औचित्य

**2. किस विकल्प में सभी विशेषण शब्द संज्ञा शब्दों से रचित है?**
(A) शिक्षित, कमाऊ (B) भीतरी, आपसी
(C) पीड़ित, दयनीय (D) वार्षिक, निचल

**3. हरिश्चन्द्रों की सत्यता से ही भारत का सम्मान बचा हुआ है।' इस वाक्य में किस प्रकार के संज्ञा शब्द प्रयुक्त हुए हैं ?**
(A) केवल व्यक्तिवाचक
(B) केवल व्यक्तिवाचक और भाववाचक
(C) केवल व्यक्तिवाचक और जातिवाचक
(D) व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक

**4. पुरुषवाचक सर्वनाम' से संबंधित वाक्य है?**
(A) वह आवश्यक कार्य से अजमेर गया है।
(B) कल कोई आया था।
(C) यह घर बहुत सुंदर है।
(D) वे लोग कहाँ जा रहे थे?

**5. किस वाक्य में 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(A) किसान अपने आप में मस्त रहता है।
(B) वे अपने आप चले गए।
(C) वह अपने आपको बहुत होशियार समझता है।
(D) मैं आप लोगों का बहुत आभारी हूँ।

**6. इनमें से किस वाक्य में मध्यम पुरुष सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(A) आपने तो कमाल कर दिया
(B) सुभाष चन्द्र बोस देश भक्त थे। आपने देश सेवा के लिए उच्च पद का भी त्याग कर दिया था
(C) तुम दिल्ली से कब आये?
(D) आप बहुत अच्छा गाती हैं।

**7. किस वाक्य में क्रिया अकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है?**
(A) वह बिना बात ही हँस रही है।
(B) बच्चों ने बहुत सुंदर चित्र बनाए।
(C) माँ पुत्र को समझाती है।
(D) मदारी भालू को नचाता है।

**8. मैंने लड़के को पुस्तक पढ़ाई।'**
उक्त वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद है?
(A) अकर्मक (B) संयुक्त
(C) पूर्वकालिक (D) द्विकर्मक

**9. किस वाक्य में क्रिया संबंधी अशुद्धि है?**
(A) सर्वत्र आधुनिकीकरण करना ठीक नहीं।
(B) बच्चा दूध पीकर सो गया।
(C) आयोजकों ने अतिथियों को धन्यवाद दिया।
(D) कुत्ते जोर-जोर से भौंक रहे थे।

**10. निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा शब्द से बना विशेषण छाँटिए-**
(A) ऊपरी (B) सुगंधित
(C) सुअक्कड (D) कमाऊ

**11. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द विशेषण नहीं है?**
(A) मनुष्य (B) भारतीय
(C) दैनिक (D) ग्रामीण

**12. गुणवाचक विशेषण से संबंधित वाक्य कौन-सा है?**
(A) बालक पहली कक्षा में पढ़ता है।
(B) यह पुस्तक मेरी है।
(C) हमें कपटी व्यक्ति से दूर रहना चाहिए।
(D) समारोह में अनेक लोग उपस्थित थे।

**13. इनमें से किस समास के पदों में विशेषण- विशेष्य या उपमेय-उपमान का संबंध होता है ?**
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) द्विगु (D) द्वंद्व

**14. हस्तलिखित' शब्द का सही समास विग्रह है?**

(A) हस्त से निमित्त किया हुआ

(B) हस्त द्वारा लिखा हुआ

(C) हस्त पर लिखा हुआ

(D) हस्त और लिखित

**15. किस विकल्प में समास-विग्रह सही नहीं है?**

(A) जलवायु = जल और वायु

(B) दशानन = दस हैं जो आनन

(C) आजीवन = जीवन पर्यन्त

(D) सूतपुत्र = सूत का पुत्र

**16. इनमें से किस शब्द का समास-विग्रह सही है?**

(A) महापुरुष = महान् तथा पुरुष

(B) सत्याग्रह = सत्य का आग्रह

(C) विद्यालय = विद्या के लिए आलय

(D) वनवास = वन का वास

**17. समास के संबंध में असंगत कथन है-**

(A) जहाँ प्रथम पद निषेध का वाचक हो उसे 'नञ् तत्पुरुष' समास कहते हैं।

(B) अधिकरण तत्पुरुष के समस्त पदों में अधिकरण कारक चिह्न 'में, पे, पर' का प्रयोग होता है।

(C) समस्त पद बनाते समय समास में प्रथम पद के साथ विभक्ति चिह्न का लोप किया जाता है।

(D) कर्मधारय विशेषण-विशेष्य का समास होता है।

**18. इनमें कौन सा संधि-शब्द गलत है?**

(A) मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

(B) देवी + अर्पण = देव्यर्पण

(C) वाक् + ईश = वागीश

(D) वर्षा + ॠतु = वर्षार्तु

**19. इनमें कौन सा संधि-विच्छेद सही नहीं है?**

(A) धनेश = धन + ईश

(B) राकेश = राक + ईश

(C) उरगारि = उरग + अरि

(D) अतएव = अतः + एव

**20. परार्द्ध' शब्द का सन्धि-विच्छेद क्या है?**

(A) पर + अर्द्ध (B) पर + अर्द्ध

(C) परा + अर्द्ध (D) इनमें से कोई नहीं

**21. नेति' का संधि विच्छेद होगा?**

(A) ने + इति (B) ने + ति

(C) न + ति (D) न + इति

**22. दैत्य + अरि' संधि-विच्छेद का सही संधि शब्द है?**

(A) दैत्वारि (B) दैत्यरि

(C) दैत्यारि (D) दैत्वारिया

**23. वाग्जाल' का संधि विच्छेद होगा ?**

(A) वाक् + जाल (B) वाक + जाल

(C) वाग् + जाल (D) वाग + जाल

**24. किस विकल्प में विलोम युग्म है-**

(A) मौलिक – अनूदित (B) मसृण - विमल

(C) पूर्वरात्र – अपराह्न (D) मूर्त - गौण

**25. भ्रांत' का विलोम शब्द है?**

(A) विभ्रांत (B) निर्धांत'

(C) संभ्रांत (D) उद्भ्रांत

**26. प्रवृत्ति' शब्द का विलोम है?**

(A) संवृत्ति (B) आवृत्ति

(C) निवृत्ति (D) सुवृत्ति

**27. किस विकल्प में विलोम-युग्म अनुचित है?**

(A) व्यक्त - अव्यक्त (B) यौवन - वार्धक्य

(C) तामसिक – सात्विक (D) यथार्थ - परार्थ

**28. पर्यायवाची शब्दों के संबंध में असंगत युग्म चुनिए -**

(A) तरणी, द्रोणी, उडुप - नाव

(B) पाशहस्त, सावित्रेय, कृतांत - बलराम

(C) अंभसार, इंदुमणि, प्रवाल - मोती

(D) सलिलेश, क्षीरधि, अर्णव - समुद्र

**29. निम्नलिखित में से किस समूह के सभी शब्द पर्यायवाची हैं?**

(A) सोना-कंचन, कनक, जातरूप, स्वर्णयूथिका

(B) धनुर्धर-धनुषधारी, कमनैत, तीरंदाज, बानैत

(C) पृथ्वी-अचला, पृथुल, अवनि, वसुंधरा

(D) निर्झर-निर्झारिणी, झरना, प्रपात, चश्मा

**30. किस क्रम में सही पर्याय नहीं हैं?**

(A) दिन - वासर, दिवस, दिवा

(B) दूध - नीर, जल, पावस

(C) तरु - वृक्ष, विटप, पादप

(D) मयूर - मोर, शिखी, केकी

31. **निम्न में से कौन-सा विकल्प भविष्यकाल का उदाहरण है?**

(A) सीमा नाच रही थी। (B) सीमा नाचेगी।

(C) सीमा नाच रही है। (D) इनमें से कोई नहीं ।

32. **इनमें से तात्कालिक वर्तमान का उदाहरण कौन-सा है?**

(A) वह जा रहा है। (B) वह जाता होगा।

(C) वह जाता है। (D) वह जा चुका है।

33. **निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध है?**

(A) मुनेश्वर, निरूत्साही (B) हस्ताक्षेप, तिरिस्कार

(C) द्रौपदी, निरभिमान (D) प्रमाणिक, धैर्यता

34. **निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध है?**

(A) शशीभूषण, जयन्ति, ऊर्ध्वगामी

(B) चन्द्रमौली, समाविष्ट, मुनिजन

(C) शताब्दी, साधूवाद, मुहुर्त

(D) कीरिट, भार्यापति, आध्यात्म

35. **निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए -**

(A) विरहिणी, चहारदीवारी

(B) आध्यात्म, स्वास्तिक

(C) माहात्म्य, साप्ताहिक

(D) अनाधिकार, भवनिष्ठ

36. **कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) यह बात जब मैं छोटा था, उस समय की है।

(B) बकरी को बारीक काटकर घास खिलाओ।

(C) वह पुस्तक जो आलमारी में रखी है, वह बहुत अच्छी है।

(D) मुझे शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तक चाहिए।

37. **कौन-सा वाक्य शुद्ध नहीं है?**

(A) बेफालतू बात मत करो।

(B) देश के सभी लोग एकजुट हैं।

(C) हमें शुद्ध भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

(D) कहानी सुनकर हमें बहुत आनंद आया।

38. **व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है?**

(A) सैनिकों को कई कष्ट सहने पड़ते हैं।

(B) प्रेम का मूल्य मापा नहीं जा सकता।

(C) विद्यालय बंद होने की संभावना है।

(D) चार आदमियों के बैठने की व्यवस्था करो।

39. **"धोबी का कुत्ता घर का न घाट का" मुहावरे का भावार्थ है?**

(A) उपकार का बदला उतारना।

(B) अच्छी तरह जानना।

(C) बहुत अनुनय-विनय करना।

(D) जिसका कहीं ठिकाना न हो।

40. **निम्नलिखित सूची-I के मुहावरों को सूची-II में उनके अर्थ के साथ सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (1) सिर पर भूत सवार होना | (क) बिना मतलब दखल देना |
| (2) दाल - भात के मूसलचंद | (ख) किसी के काम न आने वाला |
| (3) गूलर का फूल हो जाना | (ग) धुन लग जाना |
| (4) ताड़ का वृक्ष | (घ) कम दिखना |

(A) (1)-(ग); (2)-(घ); (3)-(क); (4)-(ख)

(B) (1)-(ग); (2)-(ख); (3)-(क); (4)-(घ)

(C) (1)-(ग); (2)-(क); (3)-(घ); (4)-(ख)

(D) (1)-(क); (2)-(ख); (3)-(ग); (4)-(घ)

41. **अर्थ की दृष्टि से असंगत मुहावरे का चयन कीजिए-**

(A) कंधे से कंधा छिलना - अत्यधिक भीड़ होना।

(B) ऊँचे-नीचे पैर पड़ना - आँगन का समतल न होना।

(C) एक घाट का पानी पीना - एकता और सहिष्णुता होना।

(D) कमान से तीर निकल जाना - अवसर चूक जाना।

42. **तबेले की बला बंदर के सिर' उक्त लोकोक्ति का उचित भावार्थ है?**

(A) कम सामग्री से काम पूरा करना

(B) अपराधी कोई और दण्ड किसी ओर को

(C) चालाकी में मात देना

(D) बेइज्जत होकर कुछ पाना

43. **तीन लोक से मथुरा न्यारी' का अर्थ है-**

(A) परिवर्तित परिस्थितियों पर नजर रखना

(B) अन्य से भिन्न होना

(C) अपना-अपना भाग्य

(D) यथास्थिति में रहना

**44. घर के योग्य व्यक्ति की उपेक्षा कर अन्य को सम्मान देना' भावार्थ से संबंधित लोकोक्ति है?**

(A) धोबी का कुत्ता, घर का न घाट का

(B) घर का जोगी जोगणा, आन गाँव का सिद्ध

(C) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

(D) घर की मुर्गी दाल बराबर

**45. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?**

(A) पति धर्म ही जिसका व्रत हो - पतिव्रता

(B) शोक की शुरुआत - शोकांत

(C) सुंदर आकार वाला - सुडौल

(D) हिंसा करने वाला - हिंसक

**46. कौनसा वाक्यांश युग्म संगत नहीं है?**

(A) कोई काम करने की इच्छा - चरिष्णु

(B) आकाश में असंख्य तारों का प्रकाश पुंज - नीहारिका

(C) जो पहले कभी न हुआ हो - अभूतपूर्व

(D) जो ह्रदय को पिघला दे - ह्रदयद्रावक

**47. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?**

(A) जहाँ कोई विघ्न न हो - निर्विघ्न

(B) जिसे जीतना आसान हो - दुर्जेय

(C) जो आसानी से दिखाई न पड़े - दुर्लभ

(D) जो ज्यादा दीर्घ न हो - नातिदीर्घ

**48. इनमें संयुक्त व्यंजन कौनसा है?**

(A) ड (B) ड़

(C) ढ़ (D) ज्ञ

**49. ह' वर्ण का उच्चारण स्थन है?**

(A) कण्ठ (B) तालु

(C) मूर्धा (D) दंत

**50. स्वर रहित "र" का प्रयोग हुआ है -**

(A) ट्रक में (B) पुनर्निर्माण में

(C) त्राटक में (D) शत्रु में

**51. निम्न में से कौनसा समूह राजस्थान के पर्वत शिखरों का उनकी ऊँचाई के अनुसार अवरोही क्रम में सही क्रम है-**

(A) खो, तारागढ़, बैराठ, रोजा-भाकर

(B) तारागढ़, खो, रोजा-भाकर, बैराठ

(C) बैराठ, तारागढ़, रोजा-भाकर, खोर

(D) खो, तारागढ़, , रोजा-भाकर, बैराठ

**52. राजस्थान का पूर्वी मैदानी भाग राजस्थान राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग प्रतिशत धारित करता है-**

(A) 61% (B) 23%

(C) 09% (D) 33%

**53. राजस्थान का कौनसा कृषि-जलवायु खण्ड क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा कृषि जलवायु खण्ड है?**

(A) बाढ़ संभाव्य पूर्वी मैदानी खण्ड

(B) सिंचित उत्तर- पश्चिमी मैदानी खण्ड

(C) शुष्क पश्चिमी मैदानी खण्ड

(D) आर्द्र दक्षिणी मैदानी खण्ड

**54. राजस्थान में सीताबाड़ी का मेला कहां आयोजित होता है?**

(A) नोखा (B) तिलवाड़ा

(C) केलवाडा (D) कोलायत

**55. मालपुरा तहसील में स्थित डिग्गीपुरी में कल्याणजी कहा मेला किस भगवान के लिए आयोजित किया जाता है?**

(A) भगवान विष्णु

(B) भगवान शिव

(C) भगवान लक्ष्मण

(D) भगवान इन्द्र

**56. राजस्थान में 'स्कल्पचर पार्क' निम्न में किस 'पैलेस' में स्थित है?**

(A) जल महल पैलेस (B) उमेद भवन पैलेस

(C) सरिस्का पैलेस (D) माधवेन्द्र पैलेस

**57. रणकपुर जैन मंदिर, पाली निम्नलिखित में से किस तीर्थंकर को समर्पित है ?**

(A) ऋषभनाथ (B) वासुपूज्य

(C) अजितनाथ (D) नेमिनाथ

**58. निम्नलिखित में सुमेलित है-**

| लोक देवी | मुख्य मंदिर |
|---|---|
| A. आई माता | बिलाड़ा |
| B. नारायणी माता | सीकर |
| C. कैवाय माता | जोधपुर |
| D. चौथ माता | टोंक |

(A) A (B) B

(C) C (D) D

59. **अलवर क्षेत्र की लोकदेवी के रूप में किसे मान्यता प्राप्त है?**
(A) सुगाली माता (B) सच्चिया माता
(C) लटियाला माता (D) जिलाणी माता

60. **किस लोकनायक के मेले को 'साम्प्रदायिक सद्भावना' का प्रतीक माना जाता है?**
(A) पाबूजी (B) गोगाजी
(C) तेजाजी (D) रामदेवजी

61. **मंदिरों और स्थानों के निम्नलिखित जोड़ों में से किस जोड़े का सही मिलान नहीं हुआ है?**
(A) ओसियां मंदिर - जोधपुर
(B) सालासर मंदिर - चुरू
(C) रणकपुर मंदिर - पाली
(D) जगदीश मंदिर - भीलवाड़ा

62. **घूघरी, केवड़ा आदि लोकगीत किस क्षेत्र से संबंधित हैं?**
(A) पर्वतीय क्षेत्र (B) मैदानी क्षेत्र
(C) मरूस्थलीय क्षेत्र (D) मेवात क्षेत्र

63. **रानवाई लोक गीत किस क्षेत्र में गाए जाते हैं ?**
(A) मेवाड़ (B) मारवाड़
(C) मेवात (D) हाडौती

64. **राजस्थान का कौनसा लोक नृत्य केवल महिलाओं द्वारा किया जाता है ?**
(A) चांग नृत्य (B) गैर नृत्य
(C) ढोल नृत्य (D) घूमर नृत्य

65. **फलकू बाई किस नृत्य की नृत्यांगना है?**
(A) चरी नृत्य (B) कच्छी घोड़ी
(C) घूमर नृत्य (D) रसिया नृत्य

66. **विक्रम संवत् पंचांग के अनुसार गणगौर त्यौहार किस दिन मनाया जाता है ?**
(A) चैत्र शुक्ल तृतीया (B) चैत्र कृष्ण तृतीया
(C) श्रावण शुक्ल सप्तमी (D) कार्तिक कृष्ण अष्टमी

67. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए**

| सूची-I एकादशी व्रत/उपवास | सूची-II माह |
|---|---|
| 1. कामदा | 1. चैत्र |
| 2. निर्जला | 2. भाद्रपद |
| 3. जल झूलनी | 3. ज्येष्ठ |
| 4. देवउठनी | 4. कार्तिक |

(A) A-i; B-iii; C-iv; D-ii
(B) A-ii; B-iii; C-i; D-iv
(C) A-i; B-iii; C-ii; D-iv
(D) A-iv; B-i; C-ii; D-iii

68. **"तीडोराव" अलेखू-हिट्लर" पुस्तकों की रचना किसने की है?**
(A) अन्नाराम सुदामा (B) विजयदान देथा
(C) शिवरचरण भरतिया (D) चन्द्रप्रकाश देवल

69. **कौनसा कूट सुमेलित नहीं है?**

| लेखक | रचना |
|---|---|
| (1) सदाशिव | अमर काव्य वंशावली |
| (2) जगजीवन | अजितोदय |
| (3) नयन चन्द्र सूरी | हम्मीर महाकाव्य |
| (4) करम चन्द | वंशोत्कीर्तन काव्यम |

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

70. **दुतई, गदर, कानो एवं मिरजाई किससे संबंधित हैं?**
(A) तलवार (B) पगड़ी
(C) अंगरखी (D) ओढ़नी

71. **सुमेलित कीजिये –**

| बोली | जिला |
|---|---|
| A. जगरौती | 1. उदयपुर |
| B. ढाटी | 2. टोंक |
| C. नागरचाल | 3. बाड़मेर |
| D. धावड़ी | 4. करौली |

(A) A-3; B-1; C-4; D-2
(B) A-1; B-2; C-3; D-4
(C) A-4; B-3; C-2; D-1
(D) A-4; B-1; C-2; D-3

72. **"इसे परथावां का इसा ही गीत" का सही अर्थ क्या है?**
(A) हर विवाह में ऐसे गीत होते हैं
(B) विवाह का गीत सब गाते हैं
(C) हर रिवाज का एक गीत होता है
(D) जैसे विवाह, वैसा गीत

73. "ई की मा तो ई नै ही जायो" का सही अर्थ क्या है?
(A) यह अद्वितीय है
(B) इसकी माँ ने इसे ही जन्म दिया
(C) माँ-बेटा एक जैसे होते हैं
(D) यह किसी का सगा नहीं

74. **निम्न में से वह व्यक्ति जिन्होंने 16वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की थी ?**
(A) अशोक गहलोत
(B) जगदीप धनकड़
(C) वेंकैया नायडू
(D) भैरोंसिंह शेखावत

75. **मुकुट बिहारी भार्गव का जन्म किस जिले में हुआ था?**
(A) बाँसवाड़ा (B) उदयपुर
(C) डूंगरपुर (D) भरतपुर

76. **Choose the correct option:**
A dog is a ___ animal.
(A) faithful (B) faithfully
(C) taller (D) lovely

77. **Choose the correct option:**
**one of my friends _________ visiting me this summer.**
(A) were (B) is
(C) are (D) will

78. **Select the option that expresses the given sentence in passive voice.**
**Tell her to finish the work.**
(A) Let she finish the work.
(B) To finish the work be told to her.
(C) The work is to be finished by her.
(D) Let her be told to finish the work.

79. **Choose the correct option:**
**Ravi's uncle guided him how he ....... attempt his test.**
(A) can (B) should
(C) may (D) will

80. **Choose the correct synonym for the word given in capital letters.**
**TRIUMPH**
(A) Joy (B) Excitement
(C) Gain (D) Victory

81. **Change to Direct Speech :**
**Alice exclaimed that she was very clever.**
(A) Alice said, "Oh! I am clever.
(B) Alice said, "Alas! I am very clever."
(C) Alice said, "Bravo! I so clever."
(D) Alice said, "How clever I am!"

82. **Choose the correct option:**
**His beloved is a real ____.**
(A) beauties (B) beautiful
(C) beauty (D) beautify

83. **Choose the correct opition.**
**A ......... still remains to be done.**
(A) quite (B) few
(C) lot (D) lots

84. **Fill in the blanks with the correct option**
**The workers ________ worried about their jobs.**
(A) is (B) are
(C) was (D) have

85. **Fill in the blanks with the correct option**
**He considers such jobs _______ him.**
(A) under (B) over
(C) beneath (D) down

# 2 मॉडल पेपर

## राजस्थान उच्च न्यायालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

**प्रश्नों की संख्या : 85** **समय : 2 घंटे**

**1. संज्ञा या सर्वनाम को क्रिया से जोड़ने वाले शब्द कहलाते हैं?**
(A) क्रिया (B) कारक
(C) कोष्ठक में दिए शब्द (D) इनमें से कोई नहीं

**2. इनमें सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है?**
(A) लिखावट (B) अपनापन
(C) छुटपन (D) लड़कपन

**3. जातिवाचक संज्ञा नहीं है?**
(A) शैशव (B) लोहा
(C) लकड़ी (D) पुस्तक

**4. किस वाक्य में सर्वनाम से संबंधित त्रुटि है?**
(A) मेरी आपके प्रति गहरी श्रद्धा है
(B) यहाँ कोई नहीं है
(C) जो परिश्रम करेगा वही उत्तीर्ण होगा
(D) मैंने आपसे आने का अनुरोध किया था, परन्तु तुम नहीं आये

**5. हम किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकते' वाक्य के लिए सर्वनाम का सही क्रमांक बताइए -**
(A) निश्चयवाचक सर्वनाम
(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) निजवाचक सर्वनाम
(D) पुरुषवाचक सर्वनाम

**6. किस वाक्य में सर्वनाम संबंधी अशुद्धि है?**
(A) वह मेरे से क्या चाहता है
(B) अगले सप्ताह उसकी परीक्षा है
(C) जैसा काम वैसा दाम
(D) इसमें तुम्हारा क्या दोष है

**7. किस वाक्य में 'सकर्मक' क्रिया नहीं है?**
(A) मजदूर पेड़ के नीचे बहुत देर से बैठा है।
(B) किसान हल से खेत जोत रहा है।
(C) मोहन बाजार में फल खरीद रहा है।
(D) तीन छात्र पुस्तकालय में पढ़ रहे हैं।

**8. निम्नांकित शब्दों पर ध्यान दीजिए -**
**1. खाना** **2. टहलना**
**3. छींकना** **4. तोड़ना**
**इनमें से अकर्मक क्रियाएँ हैं**
(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 3 और 4 (D) 1 और 3

**9. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द क्रिया-विशेषण है?**
(A) विगत (B) धीरे-धीरे
(C) सूर्योदय (D) नीला

**10. क्रिया-विशेषण रहित वाक्य है?**
(A) मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो।
(B) वह अपनी कक्षा का सबसे होशियार विद्यार्थी है।
(C) सुबह से वर्षा लगातार हो रही है।
(D) वे अचानक चले गए।

**11. संज्ञा से निर्मित विशेषण नहीं है?**
(A) हँसोड़ (B) धनी
(C) बुद्धिमान (D) इमारती

**12. विशेषण' शब्द से रहित वाक्य कौन-सा है?**
(A) थोड़ा खाओ, खूब चबाओ।
(B) मैं पिछले वर्ष गाँव गया था।
(C) सभा में कम लोग आए थे।
(D) दुकान से कुछ फल खरीद लाओ।

**13. राजसभा' शब्द में कौनसा समास है ?**
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

**14. द्वन्द्व' समास का उदाहरण इनमें से नहीं है?**
(A) भूल-चूक (B) माता-पिता
(C) कपीश्वर (D) भला-बुरा

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा सामासिक पद सही नहीं है?**
(A) चार मास का समाहार = चातुर्मासिक
(B) हस्त द्वारा लिखित = हस्तलिखित
(C) विवाह का इतर = विवाहेतर
(D) भय से आक्रांत = भयाक्रांत

**16. निम्नांकित में से कौनसा सामाजिक पद सही नहीं है?**

(A) मन से चाहा = मनचाहा

(B) रसोई के लिए घर = रसोईघर

(C) देश के लिए प्रेम = देशभक्ति

(D) ऋणसे मुक्त = ऋणमुक्त

**17. इनमें से कौन सा विकल्प समास और उसके उदाहरण की दृष्टि से सुमेलित नहीं है?**

(A) कर्मधारय- परमाणु

(B) द्वंद्व - चौसठ

(C) बहुव्रीहि - चक्रपाणि

(D) संबंध तत्पुरुष – जितेन्द्रिय

**18. इनमें से किस विकल्प में संधि सही है?**

(A) दिक् + मण्डल = दिग्मण्डल

(B) एक + एक = एकैक

(C) स्त्री + उचित = स्त्रियोचित

(D) पितृ + इच्छा = पितृच्छा

**19. संधि विच्छेद की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही नहीं है?**

(A) मतैक्य = मत + ऐक्य

(B) ऊहापोह = ऊह + अपोह

(C) अन्वीक्षण = अनु + ईक्षण

(D) विवादास्पद = विवाद + अस्पद

**20. इनमें से किस विकल्प का संधि-विच्छेद सही है?**

(A) निष्ठुर = नि + स्थुर

(B) पर्यटन = परी + अटन

(C) वार्तालाप = वार्त + अलाप

(D) भानूदय = भानू + उदय

**21. प्रेक्षण' शब्द बना है?**

(A) प्र + ईक्षण (B) प्र + रीक्षण

(C) प्र + एक्षण (D) प्र + ऐक्षण

**22. सदैव' शब्द का संधि विच्छेद होगा?**

(A) सदा + एव (B) सद + ऐव

(C) सदा + ऐव (D) सद + एव

**23. किस शब्द की संधि सही है ?**

(A) स्त्री + उचित – स्त्रीयोचित

(B) नदी + अर्पण – नद्यार्पण

(C) एक + एकएक – एकेक

(D) पितृ + अनुमति – पित्रनुमति

**24. तामसिक' शब्द का सही विलोम होगा?**

(A) सात्विक (B) कुपित

(C) सातत्य (D) राजसिक

**25. कौन-सा विलोम शब्द-युग्म सही है ?**

(A) आवास – निवास (B) नीरस - सरस

(C) इष्ट – अभीष्ट (D) अल्प- स्वल्प

**26. व्यष्टि' शब्द का विलोम शब्द होगा?**

(A) दृष्टि (B) वृष्टि

(C) अक्षि (D) समष्टि

**27. असंगत विलोम शब्द-युग्म का चयन कीजिए -**

(A) ईप्सित – अभीप्सित (B) आतप - निरातप

(C) आगामी – विगत (D) अन्वय - अनन्वय

**28. कौनसा शब्द 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं हैं?**

(A) अश्म (B) उपल

(C) पाषाण (D) विषाण

**29. सरस्वती' का समानार्थी हैं?**

(A) शारदा (B) शची

(C) भवानी (D) कमला

**30. निम्नलिखित प्रश्न के शब्दों के पर्याय (समानार्थक शब्द) के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प चुनिए।**

**स्वच्छ**

(A) निर्मल (B) पंकिल

(C) नीरज (D) नीरद

**31. अभी-अभी राधा सो गई है, इसमें कौन- सा काल है?**

(A) सामान्य भूतकाल

(B) आसन्न भूतकाल

(C) पूर्ण वर्तमान काल

(D) संदिग्ध पूर्ण वर्तमान काल

**32. "मेरी जेब में दस रुपये है।" वाक्य में प्रयुक्त काल कौन-सा है?**

(A) संदिग्ध वर्तमान काल (B) अपूर्ण वर्तमानकाल

(C) संदिग्ध वर्तमानकाल (D) पूर्ण वर्तमानकाल

**33. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शुद्ध शब्द है?**

(A) प्रोढ़ (B) पुनरावलोकन

(C) आर्शवाद (D) दौर्बल्य

**34. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?**

(A) कवयित्री, प्रज्जवलित (B) तत्कालिक, त्रिनयना

(C) संन्यास, श्मशान (D) वाल्मीकी, विभीषिका

**35. वर्तनी की दृष्टि से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?**

(A) अनुग्रहित, पड़ौसी, द्वारिका

(B) विरहणी, वापस, श्रृंगार

(C) आधीन, अतिथी, स्थायी

(D) दम्पती, अहल्या, द्रष्टव्य

**36. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है?**

(A) तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए।

(B) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पिस गए।

(C) हमारे देश में अनेक रमणीक स्थल हैं।

(D) यही वे कारण हैं, जिनके कारण वह परेशान हैं।

**37. निम्न में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

(A) मैंने राधा को एक पुस्तक समर्पित की।

(B) कृपया दरवाजा बंद करने का कष्ट करें।

(C) प्रत्येक व्यक्ति को सात्विक जीवन जीना चाहिए।

(D) यह काम कोई वकील से ही हो सकता है।

**38. शुद्ध वाक्य का चुनाव कीजिए-**

(A) कल को मैंने आपके घर आऊँगा

(B) कल मैं आपके घर जाऊँगा।

(C) कल को मैं आपके घर जाऊँगा ।

(D) कल मुझे आपके घर आऊँगा ।

**39. एक आँख से देखना' मुहावरे का अर्थ इनमें से कौन-सा है?**

(A) काना होना

(B) अधूरा उपकार करना

(C) समान भाव रखना

(D) कपट भरा व्यवहार करना

**40. निम्नलिखित में से किस वाक्य में मुहावरे का सही प्रयोग हुआ है-**

(A) तुमने तो कवि की प्रशंसा में नाव बाँध दी।

(B) मेरा यहां रहना तुम्हे पेट में चूहे कूदना लगता है क्या?

(C) मौका चूक जाने पर बेचारा हाथ मलता रह गया।

(D) वह आँखें बिछाकर उससे लड़ने लगा।

**41. घर का उजाला' मुहावरे का अर्थ -**

(A) धोखा देना

(B) हार कर भागना

(C) बहुत प्यारा

(D) घर की कीर्ति बढ़ाने वाला

**42. संसार में कोई सुंदर है तो कोई कुरूप, कोई स्वस्थ है तो कोई रुग्ण, कोई करोड़पति है तो कोई अक्रिंचन, इसीलिए कहा गया है कि .........।**
**रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त लोकोक्ति है-**

(A) ईश्वर की माया, कहीं धूप कहीं छाया।

(B) इब्तिदा-ए-इश्क है, रोता है क्या, आगे-आगे देखिए, होता है क्या

(C) इहां न लागहि राउरि माया

(D) ईतरके घर तीतर, बाहर-बाँधू कि भीतर

**43. किस क्रमांक में 'झूठे आश्वासन देना' का सही अर्थ है?**

(A) सिक्का जमाना (B) सिर उठाना

(C) सब्ज बाग दिखाना (D) सिर खपाना

**44. स्वामी रामतीर्थ को बचपन से ही सत्संग का बड़ा शौक था। राम और कृष्ण का कथाएँ सुनकर उनकी आँखें सजल हो जाती थीं, रोम-रोम में प्रेम का संचार हो जाता था। सच है ......... ।**

(A) हलक से निकली खलक में पड़ी।

(B) होनहार बिरवान के होत चीकने पात।

(C) होनहार मिटती नहीं होवे बिस्से बीस।

(D) हजारों टाँकी सहकर ही महादेव होते हैं।

**45. जिस व्यक्ति का आचरण अच्छा हो, उसे क्या कहते हैं?**

(A) संत (B) संन्यासी

(C) सदाचारी (D) सज्जन

**46. अच्छे कार्य व सेवा पर दी जाने वाली भेंट' को कहते हैं?**

(A) प्रतिदान (B) उपहार

(C) पारितोषिक (D) पुरस्कार

**47. शीघ्र प्रसन्न होने वाले' को कहते हैं?**

(A) परितोष (B) संतोष

(C) अनुतोष (D) आशुतोष

**48. हिंदी वर्णमाला में द्विगुणित ताड़नजात व्यंजन वर्णों की संख्या है ?**

(A) पांच (B) तीन

(C) दो (D) चार

**49. इनमें से अन्तस्थ व्यंजन कौन-सा है?**

(A) श (B) य

(C) ष (D) प

**50. निम्न में बताइए कि किस शब्द में द्वित्व व्यंजन है?**

(A) दिल्ली (B) उत्साह

(C) पुन: (D) इलाहाबाद

**51. छप्पन का मैदान राजस्थान के किस भाग में स्थित है?**

(A) दक्षिण भाग (B) उत्तरी भाग

(C) पूर्वी भाग (D) पश्चिमी भाग

**52. राजस्थान का कौनसा भौतिक प्रदेश 'खाद्यान्न का कटोरा' कहा जाता है?**

(A) उत्तर पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश

(B) अरावली पर्वतीय प्रदेश

(C) पूर्वी मैदानी प्रदेश

(D) दक्षिणी पूर्वी पठारी प्रदेश

**53. क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा व सबसे छोटा जिला क्रमशः कौनसा है?**

(A) जैसलमेर, दौसा (B) जैसलमेर, करौली

(C) जोधपुर, दौसा (D) जैसलमेर, धौलपुर

**54. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सही नहीं है?**

(A) मारवाड़ उत्सव - जोधपुर

(B) ऊंट महोत्सव - बीकानेर

(C) हाथी उत्सव - जयपुर

(D) बृज महोत्सव - धौलपुर

**55. अलवर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आयोजित की जाती है-**

(A) बढ़लिया नवमी (B) शरद पूर्णिमा

(C) गुरु पूर्णिमा (D) माघ पूर्णिमा

**56. सूची-I को सूची- II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट में से कीजिए -**

| सूची-I (पर्यटक स्थल) | सूची-II (स्थिति) |
|---|---|
| (A) लालगढ़ | (i) झालावाड़ |
| (B) त्रिपुर सुन्दरी | (ii) बाड़मेर |
| (C) गागरोन किला | (iii) बीकानेर |
| (D) नाकोड़ा | (iv) बांसवाड़ा |

(A) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)

(B) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

(C) A-(ii), B-(ii), C-(i), D-(iv)

(D) A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii)

**57. महारानी विक्टोरिया की स्वर्ण जयंती के स्मृति स्वरूप बना जुबली क्लॉक टॉवर कहाँ स्थित है?**

(A) जयपुर (B) उदयपुर

(C) अजमेर (D) जोधपुर

**58. सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| (लोकदेवी) | (स्थान) |
|---|---|
| A. ज्वाला माता | 1. बांसवाड़ा |
| B. अधर देवी | 2. जोबनेर |
| C. छींछ माता | 3. सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान, अलवर |
| D. नारायणी माता | 4. आबू |

(A) A-4; B-2; C-1; D-3

(B) A-1; B-3; C-2; D-4

(C) A-2; B-4; C-1; D-3

(D) A-3; B-1; C-4; D-2

**59. वह लोक देवी जो रामदेव जी की शिष्य मानी जाती हैं-**

(A) आवड़ी माता (B) राणी सती

(C) बड़ली माता (D) आइ माता

**60. लोक देवता हड़बूजी का मुख्य पूजा स्थल कौनसा है?**

(A) बापणी (B) बेंगटी

(C) आसीन्द (D) खड़नाल

**61. भील किस देवता की केसर का पानी पीकर झूठ नहीं बोलते?**

(A) महादेव (B) हनुमान

(C) दुर्गा (D) ऋषभदेव (कालाजी)

**62. अल्ला- जिलाई- बाई की पहचान किस क्षेत्र में रही?**

(A) लंगा गायन (B) मांड गायन

(C) हवेली गायन (D) मांगणियार लोक गीत

**63. सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए?**

| (संगीतज्ञ) | (रचना) |
|---|---|
| A. चाँद खाँ | 1. रसमंजरी |
| B. पुण्डरीक विट्ठल | 2. रामचन्द्रिका |
| C. देवर्षि भट्ट | 3. संगीतसार |
| D. द्वारकानाथ | 4. स्वर-सागर |

(A) A-1; B-4; C-2; D-3

(B) A-4; B-1; C-3; D-2

(C) A-3; B-2; C-4; D-1

(D) A-2; B-3; C-1; D-4

64. **सूची-I को सूची-II से मिलान करिए तथा नीचे दिए कोड की सहायता से सही विकल्प चुनिए –**

| **सूची-I समुदाय** | **सूची-II लोक नृत्य** |
|---|---|
| A. गरासिया | 1. गवरी नृत्य |
| B. गूजर | 2. सांग नृत्य |
| C. भील | 3. चरी नृत्य |
| D. सहरिया | 4. मांदल नृत्य |

(A) A-2; B-1; C-4; D-3
(B) A-4; B-3; C-1; D-2
(C) A-1; B-3; C-2; D-4
(D) A-3; B-2; C-4; D-1

65. **किस लोकदेवता के भक्तों द्वारा सांकल नृत्य किया जाता है?**

(A) रामदेव जी (B) गोगाजी
(C) पाबूजी (D) तेजाजी

66. **निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और नीचे दिये गए कोड के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें-**

**1. निर्जला एकादशी ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी को मनाई जाती है।**
**2. गुरु पूर्णिमा आषाढ़ पूर्णिमा को मनाई जाती है।**
**3. बड़ी तीज भाद्रपद कृष्ण तृतीया को मनाई जाती है।**

**त्योहारों से संबंधित उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

67. **"धींगा गणगौर" किस शहर की प्रसिद्ध है-**

(A) अजमेर (B) झालावाड़
(C) कोटा (D) उदयपुर

68. **विजयदान देथा के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**1. विजयदान देथा राजस्थान के प्रसिद्ध लेखक थे, जिनकी कहानीया चरणदास चोर नामक जाटक के रूप में रूपांतरित की गई।**
**2. विजयदान देथा रूपायन संस्थान के सह-संस्थापक थे ।**

(A) दोनो 1 और 2 सत्य हैं
(B) न तो 1 ना ही 2 सत्य हैं
(C) केवल 2 सत्य है
(D) केवल 1 सत्य है

69. **तारीख-ए-फरिश्ता के रचनाकार कौन हैं?**

(A) जियाउद्दीन बरनी (B) फिरदौसी
(C) अबुल फजल (D) इनमें से कोई नहीं

70. **निम्न में से कौनसा पुरूषों का वस्त्र नहीं है?**

(A) लप्पा (B) जामा
(C) चुगा (D) अंगरखी

71. **क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थानी की सबसे बड़ी बोली है?**

(A) मालवी (B) मारवाड़ी
(C) मेवाड़ी (D) मेवाती

72. **"उठे का मुरदा उठे बळैगा, अठे का अठे" का सही अर्थ क्या है?**

(A) काम का व्यक्ति हर जगह काम आता है
(B) स्थान विशेष की वस्तु वहीं उपयोगी होती है
(C) मदद कहीं से भी मिल सकती है
(D) मुर्दा कहीं भी जल सकता है

73. **"उत्तर पातर, मैं मियां तु चाकर" का सही अर्थ क्या है?**

(A) सेवक को हमेशा झुकना चाहिए
(B) उऋण होने का आत्मगौरव
(C) मालिक और नौकर में संबंध नहीं
(D) उत्तर देने में संकोच नहीं करना

74. **निम्नलिखित में से 'वाल्मिकी संघ' व आदिवासी संघ की स्थापना किसके द्वारा की गई ?**

(A) पंडित हरिनारायण शर्मा
(B) रमेश स्वामी
(C) पंडित अभिन्न हरि
(D) पंडित नयनूराम शर्मा

75. **स्वामी केशवानंद के बारे में निम्न में कौनसा कथन असत्य है ?**

(A) इनका जन्म 1883 ई. में मंगलूणा गाँव (सीकर) में जाट परिवार में हुआ था ।
(B) फाजिल्का (पंजाब) में एक उदासी संत कुशलदास अपना गुरु बनाकर उदासी मत से दीक्षित हो गए।
(C) कुम्भ मेले के दौरान इनके संस्कृत ज्ञान से प्रभावित होकर अवधूत हीरानंद ने इनका नाम केशवानंद रखा।
(D) इनका मूल नाम बद्रीलाल जाट था ।

**76. Choose the correct option**

**I have ___ friends in Patna.**

(A) a little (B) few

(C) a few (D) the little

**77. Choose the correct option:**

**A new pair of shoes _________ under the bed.**

(A) are lying (B) is lying

(C) laid (D) none of these

**78. Select the option that expresses the given sentence in Active voice.**

**What is being eaten by you?**

(A) What have been you eating?

(B) What are you eating?

(C) What were you eating?

(D) What have you been eating?

**79. Fill in the blanks with the most appropriate modal.**

**He ....... be lazy, but he is not stupid.**

(A) needn't (B) mustn't

(C) shall (D) may

**80. Choose the correct synonym for the word given in capital letters.**

**CAVIL**

(A) Appreciate (B) Amuse

(C) Quibble (D) Munch

**81. Choose the correct Direct speech of the following sentence from the given options :**

**He says that the king will come.**

(A) He says that "the king will come."

(B) He says "the king would come."

(C) He says "the king came."

(D) He says, "The king will come."

**82. Choose the correct option:**

**The furniture ___ quite new.**

(A) look (B) looked

(C) looks (D) looking

**83. Choose the correct option:**

**A ............ knowledge is a dangerous thing.**

(A) few (B) little

(C) most (D) short

**84. Fill in the blanks with the correct option**

**Politics _______ an interesting subject.**

(A) is (B) are

(C) were (D) have

**85. Fill in the blank with the appropriate option :**

**I was tired _______ the end of the day.**

(A) in (B) at

(C) after (D) with